## ।। कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, बद्रीनाथ वन प्रभाग, गोपेश्वर ।।

पत्रांक 370 / 12-1, दिनांक, गोपेश्वर, 25/07 /2024

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, थराली।

विषयः— जनपद चमोली में आलयू से चलियापानी तक मोटर मार्ग हेतु 1.383है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन किये जाने के सम्बन्ध में।

संदर्भः— आपका पत्रांक 734/36सी0 दिनांक 22.05.2024.

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्र से अवगत कराया गया है कि द्वितीय संरेखण में पेड़ो की गिनती की गयी जिसमें 117 वृक्ष प्रभावित हो रहे है, परन्तु इस नये संरखेण में ग्राम वासियों एवं भू–स्वामियों द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र नही दिया जा रहा है तथा द्वितीय संरेखण में मार्ग की लम्बाई लागत बढ़ रही है एवं मार्ग की लम्बाई अधिक होने से अधिक वन भूमि प्रभावित हो रही है। केवल वृक्ष कम आ रहे है प्रस्तावित संरेखण पर वृक्षो की गणना की गयी थी, उसमें ज्यादा वृक्ष प्रभावित हो रहे थे, किन्तु मार्ग की लम्बाई/लागत कम आ रही है एवं संरेखण में कम वन भूमि प्रभावित होगी। मार्ग में प्रथम संरखेण में पड़ने वाली भूमि का अनापत्ति प्रमाण पत्र भी इस कार्यालय को प्राप्त है। लेकिन द्वितीय संरेखण में नाप भूमि 400मी0 लम्बाई में अधिक होने से ग्रामीण एवं भू–स्वामियों द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र नही दिया जा रहा है तथा प्रथम संरेखण भूगर्भीय दृष्टि से भू–वैज्ञानिक द्वारा उपयुक्त पाया गया है, के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि द्वितीय संरेखण से सम्बन्धित संरेखण की छाया प्रति, प्रभावित होने वाले वन भूमि का विवरण एवं के0एम0एल0 फाईल में भी दर्शित हो, तथा तुलनात्मक विवरण से सम्बन्धित अभिलेख संलग्न करे, तथा साथ ही के0एम0एल0फाईल में देखा गया कि आलयू के ऊपर से पूर्व निर्मित मोटर मार्ग से भी लाभांवित गांव को भूमि व वृक्षो को कम क्षति पंहुचाते हुए कम दूरी में गांव को मोटर मार्ग से जोड़ा जा सकता है जिससे कम लागत में मोटर मार्ग का निर्माण किया जा सकता है, के सम्बन्ध में अपनी विस्तृत आख्या एवं के0एम0एल0 फाईल में भी उक्त मार्ग को दर्शित करने का कष्ट करे। साथ ही भविष्य में ध्यान रहे कि प्रस्तावित मोटर मार्ग हेतु चयनित संरेखण का चयन कम वन भूमि एवं वृक्षो को कम क्षति पंहुचाते हुए एवं पर्यावरणीय दृष्टिकोण को ध्यान रखने का करने कष्ट करे।

भवदीय,

(सर्वेश कुमार)
प्रभागीय वनाधिकारी,
बद्रीनाथ वन प्रभाग, गोपेश्वर।

0/c